
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 24.09.2023 से 01.10.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# जिला परिषदों के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक

(दिनांक 24.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने यहां विभिन्न विकासात्मक पहलों की समीक्षा के लिए जिला परिषदों के अध्यक्षों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक के दौरान कहा कि छः अतिरिक्त जिलों सोनीपत, कैथल, महेंद्रगढ़, रोहतक, झज्जर और रेवाड़ी में लिंक सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी इस साल के अंत तक जिला परिषदों को हस्तांतरित कर दी जाएगी। अभी यह कार्य हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किया जा रहा था। इन छः जिलों के जुड़ने से जिला परिषदों के पास अब प्रदेश में 11 जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के सड़क मरम्मत का कार्य होगा। विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को 30 सितंबर, 2023 तक 5,000 या उससे अधिक आबादी वाले गांवों में गांव की फिरनियों को पक्का करने के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश



# साप्ताहिक सूचना पत्र



दिया। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन प्रतिनिधियों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिला परिषदों के अध्यक्षों के सम्मान के महत्व पर बल देते हुए सभी सीईओ को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि वे अपने कार्यालयों को जिला सचिवालयों से जिला परिषद कार्यालय में स्थानांतरित करें। जिन जिलों में जिला परिषद कार्यालय भवन बन चुके हैं, वहां इस निर्देश को शीघ्रता से लागू किया जाए। उन्होंने जिला परिषदों के सीईओ से चालू वित्तीय वर्ष के लिए बजट अनुमान भी मांगा।

उन्होंने अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार ही आंगनवाड़ी भवन का निर्माण करने और इस संबंध में प्रत्येक जिले में एक समर्पित इकाई स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जो जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों की देखरेख के लिए जिम्मेदार हो। उन्होंने राज्य भर के सर्वाधिक आबादी वाले 750 गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के लिए जिला परिषदों को पहले ही बजट आवंटित किया जा चुका है।

इस कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक ब्लॉक के सबसे अधिक आबादी वाले पांच गांवों को जल्द ही स्ट्रीट लाइट उपलब्ध होंगी। राज्य में 144 ब्लॉक हैं और सीईओ जिला परिषदों से ऐसे ब्लॉक की पहचान करने का आग्रह किया जहां 10 ई–लाइब्रेरी भी शुरू नहीं हुई हैं। चौपालों के निर्माण की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीईओ को अपने–अपने क्षेत्रों में आवश्यकता आधारित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषदों के माध्यम से गांव के तालाबों के सौंदर्यीकरण या डिमांड आधार पर दीवार निर्माण व घाट आदि की प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गौ सेवा आयोग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

(दिनांक 24.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गौ सेवा आयोग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर नर्देश दिए हैं कि राज्य को आवारा पशु मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करें।

पंचायती जमीन पर गौशाला चलाने की इच्छुक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन हो इसके अलावा अतिरिक्त गौवंश रखने की पेशकश करने वाली गौशालाओं को विशेष ग्रांट दी जाएगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पशुपालन विभाग नियमानुसार राज्य के शत–प्रतिशत पशुधन का टैगिंग करवाना सुनिश्चित करें ताकि अन्य राज्यों के पशुओं की पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा जायेगा कि सभी राज्यों को दिशानिर्देश दें कि वे अपने–अपने





राज्यों के पशुओं की टैगिंग करवाएं। पहले चरण में गुरुग्राम, हिसार, सिरसा, भिवानी, करनाल तथा पानीपत जिलों को आवारा पशु मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जायेगा। उसके बाद



राज्य के अन्य जिलों में अभियान चलाया जायेगा। लोगों को भी प्रेरित करना होगा कि गौवंश  जब दूध देना बंद कर देता है तो वे उसे खुला ना छोड़ें बल्कि गौशालाओं में देकर जाएँ।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रति पशु चारे के लिए सालाना 7 हजार रुपये गौशालाओं को दिए जाते हैं। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि डेरा सच्चा सौदा, सिरसा ने हरियाणा को आवारा पशु मुक्त बनाने में राज्य गौ सेवा आयोग का सहयोग देने की पेशकश की है।

# जिला यमुनानगर में नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने का संदेश

(दिनांक 25.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज नशामुक्त हरियाणा के संदेश को लेकर 22 जिलों से होती हुई साइक्लोथॉन यात्रा को जिला यमुनानगर में अग्रसेन चौक जगाधरी से झंडी दिखाकर करनाल के लिए रवाना किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने का प्रण दिलाया और कहा कि नशे का कारोबार करने वालों




पर सरकार सख्त से सख्त कार्यवाही कर रही है। नशे के खात्मे के लिए नशे की सप्लाई चेन को तोड़ना आवश्यक है।

साइक्लोथॉन यात्रा एक विषय नशामुक्त हरियाणा को लेकर 1978 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण करेगी। इस साइक्लोथॉन यात्रा में कुल 1 लाख 15 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिल चलाई है। इस यात्रा में किसी न किसी रूप में लगभग 4 लाख लोग शामिल हुए हैं। यह निश्चित रूप से विश्व रिकार्ड बनने जा रहा है,। जब यह यात्रा चली तभी से इसका उद्देश्य साफ था कि हमें अपना भविष्य सुधारना है। देश–प्रदेश के लोगों विशेषकर युवाओं में मादक पदार्थों का सेवन बढ़ता जा रहा है, यदि इसे समय पर न रोका गया तो हमारा भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

समाज की आगे बढ़ने की गति धीमी हो जाती है। इस जन जागरण को समाज

# साप्ताहिक सूचना पत्र

में बहुत ज्यादा समर्थन मिला है। यह साइक्लोथॉन यात्रा आज करनाल में विधिवत्त रूप से सम्पन्न होगी।

इस साइक्लोथॉन यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं और जगह–जगह इकट्ठे होकर यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। इस यात्रा में एनजीओ, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आईटीआई के विद्यार्थियों ने भाग लिया है। इसके अतिरिक्त धार्मिक संस्थानों, प्रशासन और सरकारी विभागों ने भी एकजुट होकर सहयोग किया है। मादक पदार्थों की चेन को तोड़ना बहुत जरूरी है, बड़े–बड़े तस्कर पैसों की लालच में यह कुकृत्य करते हैं और उस पैसे का उपयोग देशद्रोही कार्यों में करते है।

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सैकड़ों लोगों की अवैध प्रॉपर्टी को नष्ट करने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की जानकारी मोबाइल नम्बर 90508 91508 पर दी जा सकती है, जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।



# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का शिलान्यास

(दिनांक 25.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यमुनानगर वासियों को बड़ी सौगात देते हुए गांव पांजुपुर में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस मेडिकल कॉलेज को लगभग 30 माह में पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय की ले–आउट प्रोजेक्ट का अवलोकन किया और परिसर में पौधा रोपण भी किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मंत्रोच्चारण के बीच राजकीय मेडिकल कालेज का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज परियोजना की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत 100 सीटों का मेडिकल कालेज,



# साप्ताहिक सूचना पत्र

500 बैड का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और फिजियोथेरेपी संस्थान का भी निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की घोषणा वर्ष 2021 में की गई थी और वर्ष 2022 में इस कॉलेज का नामकरण किया गया था। अब इस कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी के साथ शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ रहने का प्रयास करना चाहिए, इसके लिए नियमित रूप से योगा, सैर, साइकिलिंग करने के साथ–साथ खानपान पर नियंत्रण रखना चाहिए। राज्य सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोल रही है। राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जितनी भी घोषणाएं की थी उनको धीरे–धीरे पूरा किया जा रहा है। सरकार ने निरोगी योजना के तहत प्रथम चरण में 1 लाख 80 हजार रुपए तक आय वाले प्रदेश के 1 करोड़ 41 लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी तक




21 लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है और आने वाले 1.5 साल में इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार ने आयुष्मान योजना लागू की और प्रदेश सरकार ने इसे आगे बढ़ाकर चिरायु योजना को लागू किया है। सरकार ने अभी हाल में ही 3 लाख की आय वाले व्यक्ति को भी 1500 रुपए प्रीमियम देने के बाद योजना का लाभ देने का निर्णय लिया। इस योजना के तहत 15 हजार परिवारों ने अपना पंजीकरण करवाया है और जल्द ही यह संख्या 50 हजार पहुंच जाएगी।

# करनाल मे राज्य स्तरीय 'साइक्लोथॉन' साइकिल रैली का समापन

(दिनांक 25.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में नशा मुक्ति अभियान के तहत राज्य स्तरीय 'साइक्लोथॉन'–साइकिल रैली के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य भर में होटल, रेस्तरां, बार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को 'हुक्का' परोसने पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। हालांकि, यह रोक ग्रामीण इलाकों में इस्तेमाल होने वाले परंपरागत हुक्के पर लागू नहीं होगी। उन्होंने साइक्लोथॉन के दौरान 25 दिनों तक अथक प्रयास करने वाले पुलिस कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की कि सभी 250 प्रतिभागी कर्मियों को डीजीपी हरियाणा से क्लास–1 प्रशस्ति प्रमाण पत्र मिलेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इन समर्पित पुलिस कर्मियों के लिए पांच दिन की छुट्टी की भी घोषणा की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र




साइकिल चलन को बढ़ावा देने और पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने यह भी घोषणा की कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और व्यक्तियों को आवास सुविधाएं प्रदान करने वाला कोई भी लाइसेंस प्राप्त बिल्डर संपत्ति रजिस्ट्री के साथ संपत्ति के मालिक को एक साइकिल उपहार में देगा। ऐसे मामलों में जहां लाभार्थी के पास पहले से ही साइकिल है, एचएसवीपी या बिल्डर साइकिल के बदले में 3000 रुपये देगा।

उन्होंने बताया कि उन्होंने 1 सितंबर, 2023 को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई थी और आज, साइकिल रैली वहीं समाप्त हो गई जहां से यह शुरू हुई थी। उन्होंने भाग लेने वाले युवाओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया और नशीली दवाओं की लत से निपटने के उनके प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की सम्मानजनक उपस्थिति पर प्रकाश डाला और राज्य के नशामुक्ति प्रयासों में आध्यात्मिक संतों के समर्थन के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भले ही साइक्लोथॉन का समापन हो गया हो, नशीली दवाओं की



लत के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, और इस सामाजिक बुराई को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता के प्रयास कम से कम एक साल तक जारी रहने चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री से निपटने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें नशीली दवाओं के पीड़ितों और नशीली दवाओं के तस्करों पर राज्यव्यापी डेटा एकत्र करने के लिए 'प्रयास' नामक एक मोबाइल ऐप का विकास भी शामिल है। इसके अलावा, नशीली दवाओं के व्यापार से संबंधित आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत राज्य डेटाबेस बनाने के लिए 'हॉक' नामक एक सॉफ्टवेयर बनाया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाएं और 9050891508 डायल करके पुलिस को नशीली दवाओं की बिक्री, खरीद और उपभोग के बारे में सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।



# करनाल में 19वां जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 26.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सोमवार देर शाम करनाल में वार्ड 9 में सेक्टर–7 के सामुदायिक केंद्र में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि सरकारी साधनों पर पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिये जितनी अधिक योजनायें बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों/वंचितों के विकास के लिये प्रयत्नशील है। इस मौके पर उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्यायें भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटान के निर्देश दिये। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख लोग ही उनका परिवार हैं। वे सभी की चिंता करते हैं। गरीब बच्चों की शिक्षा, बीमार होने पर उनके इलाज की व्यवस्था और गरीबों की आय बढ़ाने के लिये सरकार ने कई कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान



# साप्ताहिक सूचना पत्र




भारत योजना लागू की है जिसमें नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाता है। केंद्र ने इसके लिये 1.20 लाख रुपये सालाना आय की शर्त लगाई है। राज्य सरकार ने चिरायु हरियाणा को जोड़ते हुये आय सीमा 1.80 लाख हजार रुपये की। करीब 29 लाख ऐसे परिवार हैं जिन्हें आयुष्मान/चिरायु योजना का लाभ मिल रहा है। तीन लाख रुपये तक की सालाना आय वालों को बुढ़ापा पेंशन 2750 रुपये देने का जिक्र करते हुये उन्होंने बताया कि अब पीपीपी में दर्ज आय के आधार पर स्वतरू प्रदेश के करीब 80 हजार लोगों की पेंशन बनी है। हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जहां अब विधुरों को भी 40 साल की आयु के बाद 2750 रुपये महीना पेंशन दी जा रही है। इतना ही नहीं कुंवारों(45 से 60) को भी पेंशन देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एचएसवीपी और लाईसेंसधारी फ्लैट बनाने वाले डेवलपर्स के लिये यह जरूरी किया गया है कि वे फ्लैट होल्डर को रजिस्ट्री कराते समय तोहफे के रूप में साइकिल भी दें। घर में मुहूर्त के समय साइकिल लाकर उसकी पूजा की जानी चाहिये। साइकिल चलाने से सेहत भी तंदुरूस्त

# साप्ताहिक सूचना पत्र

रहती है। उन्होंने कहा कि समाज को सुखी बनाने के लिये स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, स्वालंबन, स्वाभिमान की ओर ध्यान देना जरूरी है। समाज की खुशहाली के लिये बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण, जल सरंक्षण, मद्य निषेध आदि की ओर भी ध्यान दिया चाहिये। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनने के दौरान पंडाल में मौजूद लोगों से पूछा कि अभी तक किस की बुढ़ापा पेंशन और परिवार पहचान पत्र नहीं बने हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मंगलवार तक इनकी पेंशन व पीपीपी बन जाने चाहियें। व ि र ष ठ नागरिक मंच के ओपी गर्ग की शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर छाता लगवाने की मांग पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने मूल्मूयांकन (असेसमेंट) कराने का आश्वासन दिया। बीके निर्मला ने सेंटर के लिये सेक्टर 9 में जमीन उपलब्ध कराने की मांग की जिस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने एचएसवीपी के ईओ को निर्देश दिये कि सामाजिक/धार्मिक संस्थाओं के लिये सेक्टर में छोड़ी जगह का पता कर पार्षद को सूचित करें। उसके बाद ही विज्ञापन निकालकर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि 9 सेक्टर में जगह नहीं होगी तो आसपास के सेक्टरों में तलाश की जायेगी।





# करनाल में कार फ्री डे का आयोजन

(दिनांक 26.09.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज मंगलवार को करनाल में कार फ्री डे पर स्वयं मोटर साईकिल पर सवार होकर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से करनाल एयरपोर्ट पर पहुंचे और शहरवासियों को प्रेरणा दी। शहर में ट्रैफिक को कम करने और भीड़–भाड़ को खत्म करने के लिए हम सब मिलकर छोटे–छोटे प्रयास कर सकते हैं, जिनके परिणाम भी समाज में सकारात्मक दिखाई देते है। आधुनित्का के इस दौर में विकास के साथ–साथ स्वच्छ वातावरण भी जरूरी है। इसके लिए पेड़–पौधे हमारे लिए बहुत लाभकारी हैं, यह हमें न केवल छाया व फल देते हैं बल्कि बरसात लाने में भी सहायक होते हैं। प्रकृति के बिना जीना मुश्किल है, क्योंकि प्रकृति ने हमें अनमोल संसाधन दिये हैं, इन्हें संजोकर रखने की जरूरत है। हमारे जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कार फ्री डे के दिन यदि हम सब साईकिल या मोटर साईकिल पर सवार होकर अपने रोजमर्रा के काम काज को निपटाएगें तो हमें प्रदुषण मुक्त जीवन जीने में सहयोग मिलेगा।



# 31वीं उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक

(दिनांक 26.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में आज पंजाब के अमृतसर में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक हुई। बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंजाब क्षेत्र में सतलुज–यमुना लिंक नहर (एस.वाई.एल.) नहर का निर्माण कार्य पूर्ण करने, पंजाब विश्वविद्यालय से हरियाणा के कॉलेजों को सम्बद्ध करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से रखा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यों की साझा प्रगति के लिए विकास परियोजनाओं के सफल और त्वरित निष्पादन के लिए राज्यों के बीच सहयोग का माहौल स्थापित करना अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एस.वाई.एल. का निर्माण न करने के बारे पंजाब का कहना है कि पानी की उपलब्धता कम हो गई है। लेकिन एस.वाई.एल. का निर्माण और पानी की उपलब्धता दो अलग–अलग मुद्दे हैं और



एक–दसूरे से जुड़े हुए नहीं हैं। इसलिए इस मामले में भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि रावी, सतलुज और ब्यास के पानी का अधिषेष, बिना चौनल वाला पानी पाकिस्तान में चला जाता है। इस राष्ट्रीय अपव्यय के सदुपयोग लिए एस.वाई.एल. जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाखड़ा बांध/नंगल बांध से हरियाणा के लिए केवल एक कैरियर चौनल यानी 61 कि.मी. लंबा नंगल हाइडल चौनल (एन.एच.सी.) है। इसका निर्माण 1954 के दौरान किया गया था, जो वर्तमान में 68 वर्ष पुराना हो गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा के कॉलेजों को सम्बद्धता देने संबंधी विषय पर बात करते हुए कहा कि छात्र हित में हरियाणा के कॉलेजों को पंजाब यूनिवर्सिटी से संबद्धता का विकल्प दिया जाना चाहिए। पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा का हिस्सा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत प्रदान किया गया था। केन्द्रीय



गृह मंत्रालय द्वारा 1 नवम्बर, 1973 को एक अधिसूचना जारी कर इसे समाप्त कर दिया गया था। इससे पहले हरियाणा के तत्कालीन अम्बाला जिले के कॉलेज इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध थे। इसलिए अब हमारा यह मत है कि हरियाणा के तीन जिलों नामतः पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर के कॉलेजों को पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्धता दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा हमेशा से न्यायसंगत जल बंटवारे का समर्थक रहा है, और हम शांतिपूर्ण समाधानों में

# साप्ताहिक सूचना पत्र



दृढ़ता से विश्वास करते हैं। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) के मुद्दों पर विचार–विमर्श करते समय हमें धूलकोट बी.बी.एम.बी. सब–स्टेशन की स्थिति को भी ध्यान में रखना होगा, जो वर्तमान में मरम्मत के कार्यों के कार्यान्वयन में देरी से प्रभावित है। इस बिजलीघर का कुशल कामकाज न केवल बिजली उत्पादन के लिए बल्कि जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, भाखड़ा मेन लाइन के तटों को ऊंचा करने के संबंध में कार्य के कार्यान्वयन पर चर्चा करना आवश्यक है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव जल प्रवाह और संसाधन आवंटन पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि लघु–पन बिजली परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों पर विचार करते समय हम सभी राज्यों को हथिनीकुंड पर एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में बांध के प्रस्ताव पर विचार करना चाहिए। इस तरह की परियोजना का हमारे क्षेत्र के जल प्रबंधन और बिजली उत्पादन क्षमताओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए इस पर विस्तृत चर्चा की आवश्यकता है।

बैठक में 2001 और 2011 की जनगणना के मध्य डेटा देरी से जारी होने के मुद्दों पर बोलते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस दिशा में हरियाणा ने एक उल्लेखनीय पहल की है, जिसकी बदौलत जनसांख्यिकीय डेटा एकत्र करने और उपयोग करने के तरीके को बदल दिया है। उन्होंने कहा

कि हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र नामक एक प्रगतिशील योजना शुरू की है। परिवार पहचान पत्र योजना इस बात का एक ज्वलंत उदाहरण है कि कैसे प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषी शासन डेटा संग्रह और उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच के अंतर को पाट सकता है। इसने जरूरतमंद लोगों को लक्षित सहायता प्रदान करने और हमारे राज्य के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने की हमारी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने सहभागी राज्यों से आग्रह करते हुए कहा कि वे भी पीपीपी जैसे नवीन समाधानत तलाशें जिससे हम सभी नागरिकों के कल्याण और समृद्धि को सुनिश्चित करते हुए हमारे शासन को मजबूत कर सकते हैं।

हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 21 नवंबर 2022 को हमने चिरायु योजना के माध्यम से अंत्योदय परिवारों तक आयुष्मान भारत का विस्तार के शुभारंभ के साथ नागरिकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य देखभाल कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023–24 के बजट भाषण में की गई घोषणा को पूरा करते हुए हमने पीएमजेए–चिरायु योजना का लाभ 1.80 लाख रुपये से लेकर 3 लाख रुपये तक की सत्यापित वार्षिक आय वाले परिवारों को भी देना शुरू किया है।



# शहरी स्थानीय निकाय विभाग की समीक्षा बैठक

(दिनांक 29.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहां शहरी स्थानीय निकाय विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर जिला म्युनिसिपल कमिश्नर को कहा कि सभी शहरों में ड्रोन मैपिंग करते हुए पता लगाएं कि विकास के नाते से क्या–क्या काम किये जा सकते हैं ताकि हरियाणा को शहरी विकास के मामले में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से ड्रोन मैपिंग हर शहर की हो गई है या नहीं इस बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने संपत्ति लेनदेन में पारदर्शिता बढ़ाने के उदेश्य से राज्य की सभी म्युनिसिपलिटीस में उन्नत तकनीक का उपयोग कर रंग–आधरित संपत्ति मानचित्र बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इन रंगीन नक्शों को जल्द से जल्द सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि नागरिकों को संपत्ति खरीद के दौरान कोई असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को विकास पहलों के लिए संसाधन आवंटित करने से पहले राजस्व बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ



प्रत्येक शहर के लिए अलग बजट बनाने का भी निर्देश दिया ताकि विकास के मामले में गति प्रदान की जा सके।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें प्रदेशवासियों के लिए बिजली सड़क और पानी जैसी मुलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को मजबूत करना हैं। इस दिशा में सभी अधिकारी कार्य करे। इसके साथ–साथ समय पर स्टाफ की एफिशिएंसी को भी मॉनिटर करें ताकि विकास कार्यों में तेजी आ सके। इसके अतिरिक्त, इंजीनियरिंग स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कार्यवाही को आगे बढाएं।

उन्होंने कहा कि हमने हर प्रोपर्टी को डिजीटाइज करने के उदेश्य से प्रोपर्टी आइडी की शुरूआत की है। प्रदेश में एक–एक इंच भूमि को डिजीटाइज करवाया जा रहा है। इस दिशा में काफी कार्य हो चुका है ओर शेष पर कार्रवाई जारी है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की 7वीं बैठक की अध्यक्षता

(दिनांक 30.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पंचकूला जिला में स्थित चंडी मंदिर से लेकर हिमाचल प्रदेश के बद्दी तक बनने वाली नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन की मंजूरी देते हुए केंद्र सरकार को वाइल्डलाइफ क्लीयरेंस के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। राज्य में वन एवं वन्य जीवों का संरक्षण करते हुए विकास–योजनाओं को आगे बढ़ाना है। इस नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के निर्माण से रेलवे के द्वारा पंचकुला और बद्दी, जो कि हिमाचल प्रदेश का बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, के बीच माल की ढुलाई में आसानी होगी और क्षेत्र में अधिक विकास होने के अवसर पैदा होंगे। वन्यजीव संरक्षण अपने आप में जंगली पौधों और जंगली प्रजातियों एवं उनके आवास की रक्षा करने का एक जटिल और संवेदनशील कार्य है। वन्य–जीवन धरती माता के सभी पारिस्थितिक घटकों के बीच संतुलन बनाए रखने का आधार है। वन्यजीव संरक्षण इसलिए भी जरुरी है कि मनुष्य की आने वाली पीढ़ियां प्रकृति का आनंद ले सकें। ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित वर्षा, बार–बार पड़ने वाले सूखे के कारण वन्यजीव खतरे में हैं, जो हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन की अभिव्यक्ति हैं। हरियाणा सरकार न केवल राज्य में अद्वितीय वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों से संवाद

(दिनांक 30.09.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज डॉ भीमराव अम्बेडकर आवास नवीनीकरणष् योजना के लाभार्थियों से रोहतक से ऑनलाइन संवाद कर कहा कि अब ष्डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरणष् योजना के लाभार्थियों को उनके मकान की मरम्मत करने के लिए दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 80 हजार रुपये कर दिया गया है। पहले यह राशि 50 हजार रूपये थी। अभी तक इस योजना के तहत एक लाख लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इस अवसर पर अनेक लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को गरीबों का हितैषी बताते हुए धन्यवाद किया और कहा कि उनके पुराने व जीर्ण–शीर्ण मकान की मरम्मत के लिए पैसे देकर आपने उसे रहने लायक मकान बनाने में मदद की है। इन गरीब लोगों ने कहा कि हमारे में से कई लोगों ने खुद या हमारे माता–पिता ने कई वर्ष पहले मेहनत मजदूरी करके एक आशियाना बनाया था लेकिन समय के साथ–साथ यह छोटा सा अशियाना रहने लायक नहीं रहा था, हम परिस्थितिवश इसकी मरम्मत भी नहीं करवा पा रहे थे, आपने हमारी इस पीड़ा को समझा और ष्डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरणष्

# साप्ताहिक सूचना पत्र

योजना के तहत आर्थिक सहायता देकर हमारे मकानों को ठीक–ठाक रहने लायक बनाने में सहायता की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने योजना का लाभ उठाने वाले व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी के सामाजिक न्याय से संपूर्ण विकास की अवधारणा को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध है। हमने गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर प्रदेश में समाज कल्याण के एक नए युग का सूत्रपात किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के साथ खड़ी है उनको सरकारी योजनाओं का लाभ देकर मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया की गरीब लोगों के पुराने मकान की मरम्मत के लिए श्डॉ बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजनाश् चलाई जा रही है। पहले गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति,विमुक्त जाति एवम् टपरीवास जाति के व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिलता था, लेकिन अब इस योजना का दायरा बढ़ाकर इसमें उन सभी वर्गो के परिवारों को शामिल किया है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है। इस योजना के तहत मरम्मत के लिए दी जाने वाली राशि को भी 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया और अब इसे बढ़ाकर 80 हजार रुपये कर दिया गया है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में जमा करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 66 हजार से अधिक लाभार्थियों को 370 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने हर सिर पर छत उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पिछले दिनों श्मुख्यमंत्री शहरी आवास योजनाष् भी शुरू की है। इसके लिए एक पोर्टल शुरू किया गया है जिस पर वे सभी गरीब परिवार मकान के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिनके पास मकान

# साप्ताहिक सूचना पत्र

नहीं है और वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है। उन्होंने बताया कि इस योजना में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आवास कालोनियां बनाई जाएंगी। इनमें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। राज्य में आवास उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए श्सभी के लिये आवासश् के नाम से नया विभाग बनाया है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रोहतक में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 30.09.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने शनिवार को रोहतक स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर कहा कि पिछले नौ साल से माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र और हरियाणा सरकार सेवाभाव से आमजन की सेवा में लगी हुई है। प्रदेश द्वारा व्यवस्था परिवर्तन करते हुए विकास कार्यों को करवाया जा रहा है, आज प्रत्येक लाभार्थी तक सौ प्रतिशत राशि उनके खातों में पहुँच रही है। जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचने पर शहरवासियों ने पगड़ी और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के साथ ही अटल सेवा केंद्र का भी अवलोकन किया। साथ ही दिव्यांगों को कृत्रिम अंग भी प्रदान किए। पूर्व की सरकारों में बीबीसी यानि बदली, भर्ती और सीएलयू की इंडस्ट्री चलती थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी शासन देते हुए आमजन को त्वरित लाभ प्रदान किया जा रहा है, आज सरकार की नीतियों से हर वर्ग खुश है। जनसंवाद के दौरान उन्होंने कहा कि पहले शहरों व ग्रामीण क्षेत्र में अपने मन मुताबिक विकास कार्यों के लिए ग्रांट दी जाती थी लेकिन अब हमने तय किया है कि आबादी के हिसाब से ग्रांट दी जाएगी। ऐसा भी फैमिली आईडी की वजह से संभव हो पाया है। रोहतक में एक लाख 15 हजार 366 परिवार पहचान पत्र हैं। इसके अतिरिक्त शहर की सडक़, बिजली सहित अन्य कार्यों की डिमांड पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को फिजिब्लिटी चौक करते हुए समाधान के निर्देश दिए। साथ ही नई अनाज मंडी और नई सब्जी मंडी के बीच डिवाइडर का एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए।

# रोहतक में आयोजित राहगीरी अपनी राहे अपनी जिंदगी कार्यक्रम में शिरकत

(दिनांक 00.00.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज रोहतक में आयोजित राहगीरी अपनी राहे अपनी जिंदगी कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं तथा शहर वासियों को आह्वान करते हुए कहा कि वे जीवन में हर प्रकार के नशे से दूर रहते हुए प्रदेश व देश के भविष्य को सुरक्षित रखें। नशीले पदार्थों के सेवन से पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है तथा समाज भी दूषित होता है।

सरकार द्वारा नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। हर नागरिक नशा मुक्त हरियाणा अभियान में अपना योगदान दें। उन्होंने गुरुकुल लाढौत के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गए मलखंब की प्रशंसा की तथा गुरुकुल को अपने निजी कोष से 2 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के किसान, जवान व पहलवानों को धाकड़ बताते हुए कहा कि हरियाणा के वीर जवान पूरी मेहनत व लगन से हर कार्य को करते है।

उन्होंने रोजमर्रा की तनाव भरी जिंदगी से निजात पाने व तरोताजा होने के लिए राहगिरी कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि सरकार द्वारा गत दिनों लगभग 25 दिन तक प्रदेश में नशा मुक्त हरियाणा अभियान का संदेश जन–जन तक पहुंचाने के लिए साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया।

लगभग 1978 किलोमीटर का सफर तय कर साइक्लोथॉन के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया गया। इस साइक्लोथॉन में एक लाख 60 हजार लोगों ने भागीदारी की तथा 5 लाख लोग इन कार्यक्रमों में शामिल हुए।

उन्होंने राहगिरी कार्यक्रम को अनूठा कार्यक्रम बताते हुए कोविड संक्रमण के बाद दोबारा राहगिरी कार्यक्रम शुरू करने पर आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राहगिरी कार्यक्रम में युवाओं को अपनी कला व कौशल का प्रदर्शन करने का भरपूर अवसर प्राप्त होता है। राहगिरी कार्यक्रम से त्याग एकता और समर्पण का भाव मिलता है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने विश्व की एक नम्बर टैबल टैनिस खिलाड़ी बनने पर सुहाना सैनी को राहगिरी कार्यक्रम के मंच से सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि अन्य युवा भी खिलाडियों से प्रेरणा लेकर जीवन में उच्च मुकाम हासिल करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पेंटिंग, मेहंदी व वॉल पेंटिंग के प्रतिभागियों की कृतियों का अवलोकन किया।

लघु नाटिका के माध्यम से दर्शकों को नशा मुक्त हरियाणा अभियान का संदेश भी दिया गया। राहगीरी कार्यक्रम में रस्साकशी, टेबल टेनिस के अलावा हेल्थ चौकअप व स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों इत्यादि के स्टॉल भी लगाये गए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फरीदाबाद में राज्यस्तरीय स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन समारोह

(दिनांक 01.10.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज रविवार को शहर के सेक्टर–9 में आयोजित इस राज्यस्तरीय स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर कहा कि हम सभी लोग मिलकर अपने–अपने तरीके से इस स्वच्छता पखवाड़े में भाग ले रहे है। माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुए स्वच्छता की सेवा पखवाड़े का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर फरीदाबाद में किया। यहां उन्होंने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित करते हुए प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि स्वच्छता का कार्य स्वच्छताकर्मियों पर छोडने़ की बजाए जन–जन का अभियान बनाना होगा। उन्होंने कहा कि अपने आवास, परिसर



के साथ–साथ अपने गली मोहल्ले व गांव की स्वच्छता के लिए सामूहिक रूप से अभियान चलाने का संकल्प लेना होगा।

उन्होंने कहा कि सही मायने में तो स्वच्छता का संकल्प माननीय प्रधानमंत्री जी उसी दिन ले आए थे जिस दिन इस देश की बागडोर उन्होंने संभाली थी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें हमारे जीवन, व्यवहार और दिनचर्या का अंग बनाना होगा। हम अपने घरों में पांच अवसरों पर विशेष सफाई करते है। प्रतिदिन हमारी माताएं, बहने अपने घर की सफाई करती है। सप्ताह में एक बार घर की खिड़कियां और दरवाजे, महीने में एक बार स्टोर की सफाई और साल में एक बार दिवाली और ईद के दिन घर में रंग–रोगन और सफाई होती है। दैनिक, साप्ताहिक, मासिक और वार्षिक के अलावा कभी–कभी किसी विशेष अवसर जैसे शादी ब्याह, जागरण या अकस्मात कभी आंधी और वर्षा आ जाए तो पूरे घर की विशेष सफाई की




आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि क्या सिर्फ अपने परिसर की सफाई करने से देश स्वच्छ बन पाएगा? हमें देश को अपना घर मानना होगा। अपने प्रदेश, शहर, गांव, गली मोहल्ले के घरों को अपना मानना होगा। हम सभी को मिलकर इस सामाजिक कार्य में भाग लेना होगा सिर्फ सरकारी तंत्र पर निर्भर नहीं रहना बल्कि हम सबको मिलकर अपनी भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने आह्वान किया कि हमारे अपने शरीर के अंदर मन और बुद्धि की स्वच्छता भी बेहद जरूरी है। उन्होंने बच्चों में भी स्वच्छता की भावना पैदा करने का आह्वान किया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सोनीपत की सिसाना गौशाला में आयोजित 121 वं वार्षिक उत्सव

(दिनांक 01.10.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सोनीपत के गांव सिसाना की गौशाला में आयोजित 121वें वार्षिक उत्सव में बोलते हुए कहा कि गौ सेवा हमारी सबसे प्राचीन संस्कृतियों में से एक है, जिसका वर्णन इतिहास में भी मिलता है। यही नहीं गौ माता का वर्णन भगवान श्री कृष्ण के समय में भी मिलता है जब भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाने के समय में गौ माता का अभिषेक करवाया था और उसी दिन को गोपाष्टमी के दिन के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने इस मौके पर सिसाना गौशाला को इसी साल में 51 लाख रुपए बतौर अनुदान देने की भी घोषणा की और कहा कि इससे पूर्व में भी 42 लाख रुपए इस गौशाला को अनुदान राशि के रूप में दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस गौशाला में 7 हजार तक गोवंश के लिए यथावत अनुदान दिया



# साप्ताहिक सूचना पत्र

जाएगा। 7 हजार से ऊपर के 1 हजार गोवंश के लिए सिसाना में ही 16 एकड़ में स्थापित शेड के लिए 70 लाख रुपए भी गौशाला को दिए जाएंगे।

यही नहीं गौ सेवा आयोग की ओर से 25 एकड़ में अनुसंधान केंद्र भी स्थापित किया जाएगा जिसमें देशी नस्ल की गाय की प्रजाति को आगे बढ़ाने,गौ मूत्र और गोबर इत्यादि पर शोध केंद्र बनाया जाएगा। गौशाला समिति की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी को पगड़ी और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सिसाना गौशाला में गायों को ग्रास खिलाकर उनकी सेवा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गाय का दूध हम सबके लिए बहुत ही लाभकारी है।

उन्होंने सिसाना गांव की गौशाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस गौशाला को 1902 में पंडित हरनाथ ने स्थापित किया था और 1978 में 61 गांवों की पंचायतों ने इस गौशाला को चलाने के लिए अपना योगदान दिया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वह अपनी गौशालाओं में गौवंश का पूरा लेखा–जोखा रखें ताकि उसी आधार पर अनुदान भी सरकार दे सके।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में 2014–15 में 215 गौशालाएं थी जो कि अब बढ़कर 649 हो गई है। उन्होंने कहा कि जो पशुधन सड़कों पर है सभी गौशालाएं उन्हें लेने के लिए आगे आए क्योंकि इससे दुर्घटना भी होती है और कई बार जान भी चली जाती है।

प्रदेश सरकार ने गोचरण की जमीन पर नई संस्थाओं को गौशालाएं खोलने के लिए आमंत्रित किया है। इसके लिए सरकार पर्याप्त धन इत्यादि भी देगी और यदि कोई पुरानी गौशाला विस्तारीकरण के तहत आगे बढ़ना चाहती है तो उसे भी पर्याप्त रूप से अनुदान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में गौशालाओं में लगभग साढे 35 हजार गौवंश हैं। इसी तरह सिसाना गौशाला ने भी एक

# साप्ताहिक सूचना पत्र



हजार अतिरिक्त बाहरी गौवंश को रखने की सहमति दी है। इसके अलावा भी यदि बाहरी गोवंश को गौशाला में रखा जाएगा तो उसके लिए भी विशेष रूप से ग्रांट जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आर्थिक मदद देने के लिए सरकार ने बिजली के बिल को भी 2 प्रति यूनिट किया है जो कि पहले 8 प्रति यूनिट था। उन्होंने गौशालाओं को आह्वान किया कि वह अपने यहां दूध, गोमूत्र, गोबर इत्यादि से संबंधित इंडस्ट्री भी लगाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास में भी बढ़ चढ़कर अनुदान दे रही है। इस साल ग्रामीण विकास के लिए 7600 करोड रुपए दिए गए हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अंत्योदय के लिए दो बड़ी घोषणाए

(दिनांक 01.10.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर–12 में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश के लोगों के लिए बड़ी घोषणाएं की।

उन्होंने कहा कि पहले परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार रुपये आय वाले लोगों का अगर 12 हजार रुपये बिजली बिल आता था तो उन्हें बीपीएल कार्ड में लाभ नहीं मिलता था। अब इसके लिए बिजली बिल की बाध्यता को खत्म करने हुए इस स्लैब को खत्म कर दिया गया है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक लाख 80 हजार रुपये आय वाले सभी बीपीएल राशन कार्ड धारक परिवारों भी आगे से सरसों का तेल देने की घोषणा की। इस योजना के तहत सभी बीपीएल राशन कार्ड धारकों को प्रतिमाह 2 लीटर सरसों का तेल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों को फायदा मिलेगा।



इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों को भी बड़ी सौगात देते हुए दुर्घटना बीमा की 10 लाख रुपये तक की प्रीमियम राशि को सरकार द्वारा वहन करने करने की घोषणा की।

पहले पांच लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा की राशि का प्रीमियम सरकार देती थी और उससे ऊपर के लिए पत्रकारों को एक निश्चित राशि

का भुगतान करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में काम ज्यादा हुआ है और खर्चा कम।

उन्होंने कहा कि हम गलत काम नहीं होने देंगे। इसके लिए उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का जिक्र किया और कहा कि अब हमारी सरकार में बिना खर्ची व पर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरी मिलती है। उन्होंने कहा कि हमने बेटी–बचाओ–बेटी पढ़ाओ, नशे के खिलाफ अभियान जैसे कार्यक्रम चलाकर आमजन के हित में अपने सरोकार को निभाया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस में इन्फोर्समेंट को बढ़ाया है। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 6 प्रतिशत से 11 प्रतिशत की गई है और आगे 15 प्रतिशत करेंगे।

उन्होंने कहा कि हम मिशन स्वावलंबन से आगे बढ़ेंगे और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। युवाओं के हित में हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन के साथ–साथ विदुर पेंशन और तीन लाख से कम आय वाले 45 वर्ष से अधिक के अविवाहितों के लिए पेंशन की शुरुआत की है। फोरेन कारपोरेशन विभाग बनाया है और युवाओं का पहला बैच भी विदेश भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले 2014 में एमबीबीएस की 700 सीटें होती थी लेकिन हमने इसे 1900 कर दिया है और जल्द ही इसे 3100 करेंगे।

